आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 31.05.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- उत्तराखंड में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने देहरादून शहर की ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए बेहतर यातायात प्रबंधन योजना को लागू करने के निर्देश दिये।
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने मानसून से पहले जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने को कहा।
- देहरादून के क्लेमेंट टाउन स्थित गोल्डन की झील के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर एक व्यापक सफाई और पुनर्स्थापना अभियान शुरू।

आरक्षण

उत्तराखंड में अब राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। इस संबंध में सरकार द्वारा अध्यादेश में संशोधन को अंतिम मंजूरी मिल गई है और इसका गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि पहले केवल ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियाई चैंपियनशिप, राष्ट्रीय खेलों जैसी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को ही आरक्षण का लाभ मिलता था। अब राज्य सरकार ने इस नियम में संशोधन किया है, जिसे विधानसभा से भी मंजूरी मिल चुकी है।

नए नियम के तहत उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता, विभिन्न राष्ट्रीय खेल संघों द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय खेल संघों की प्रतियोगिताएं, युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेल और विद्यालयी शिक्षा विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किसी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी चार प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

खेल मंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने पर नौकरी में आरक्षण मिलने से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और बढ़ेगी और खेलों का विकास होगा।

यातायात व्यवस्था

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने देहरादून शहर की ट्रैफिक समस्या को दूर करने के लिए संबंधित विभागों को आपसी तालमेल से यातायात प्रबंधन योजना को लागू करने के निर्देश दिये हैं। सचिवालय में शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी को प्रमुख चौराहों में सुधार के लिए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए और पुलिस व परिवहन विभाग को यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने नियमों के अनुपालन के लिए लगातार अभियान चलाने और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नए पार्किंग स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए।

एमडीडीए को आढ़त बाजार को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और व्यापारियों को जल्द प्लॉट आवंटन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आढ़त बाजार शिफ्टिंग के लिए तय कैलेंडर का कड़ाई से पालन करने और चौड़ीकरण की डीपीआर तैयार करने को कहा गया।

मुख्य सचिव ने शॉपिंग मॉल और वाणिज्यिक परिसरों द्वारा पार्किंग का सही इस्तेमाल न करने पर कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने यातायात नियमों को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए ट्रैफिक पार्क बनाने और फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने व यूटिलिटी शिफ्टिंग के निर्देश भी दिए।

एक संवाद–वीर सैनिकों के साथ

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के सैनिकों की शौर्यगाथा को जन–जन तक पहुंचाने के लिये प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल देहरादून के गढ़ी कैंट में 'एक संवाद–वीर सैनिकों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों ने जिस शौर्य और समर्पण का परिचय दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में सेवानिवृत्त सैनिकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सैनिक कल्याण विभाग को सौंपी गई है। श्री धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के कड़े फैसलों से सेना का मनोबल बढ़ा है और देश आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठा सका है।

दुर्घटना

गंगोत्री से केदारनाथ की ओर जा रहे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं का वाहन कल शाम गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग पर काकड़ागाड़ के पास पहाड़ी से गिरे भारी पत्थरों की चपेट में आ गया। हादसे में वाहन चालक समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार यात्री घायल हो गए।

घायलों को राज्य आपदा मोचन बल की मदद से रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्त्यमुनि पहुंचाया गया, जहां एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

मानसून समीक्षा

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने मानसून से पहले जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये हैं। देहरादून स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में चारधाम यात्रा और आगामी मानसून सत्र की तैयारियों की समीक्षा करते हुए श्री रूहेला ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में सभी विभागों को आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ राहत और बचाव कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पूरा करना होगा।

उन्होंने सिंचाई विभाग को बरसात से पहले नदियों, नहरों और नालों को चैनलाइज करने और सड़कों के किनारे पड़े मलबे के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखते हुए उन्हें गड्ढामुक्त करने, नालियों की सफाई और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। साथ ही, मानसून के दौरान सभी अभियंताओं और मलबा हटाने वाली मशीनों के ऑपरेटरों के संपर्क नंबर अपडेट रखने तथा किसी भी अधिकारी द्वारा फोन बंद न करने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त, पशुपालन विभाग को चारे और दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने तथा पूर्ति विभाग को राशन डीलरों के माध्यम से तीन माह का खाद्यान्न अग्रिम वितरित करने को कहा गया।

झील स्वच्छता

देहरादून के क्लेमेंट टाउन स्थित गोल्डन की झील के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर एक व्यापक सफाई और पुनर्स्थापना अभियान शुरू किया गया है। 26 मई से शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य झील के पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करना, जल की गुणवत्ता सुधारना, और इसे एक शांतिपूर्ण और आकर्षक स्थल के रूप में विकसित करना है।

इस अभियान का नेतृत्व क्लेमेंट टाउन स्थित 2 इंजीनियर रेजिमेंट और कैंटोनमेंट बोर्ड कर रहे हैं। इसके तहत झील की गहन सफाई की जा रही है, और इसके प्राकृतिक स्वरूप को बहाल किया जा रहा है।

झील के किनारों से मलबा और कचरा हटाया जा रहा है, जिससे इसकी प्राकृतिक सुंदरता निखरकर सामने आएगी। जल की गुणवत्ता में सुधार होने से जलीय जीवन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, मूल आवास और प्रजातियों की बहाली से पौधों और जीव–जंतुओं की विविधता में भी इजाफा होगा।

सफाई कार्यों के दौरान झील का कुछ हिस्सा और आसपास की सुविधाएं अस्थायी रूप से आम लोगों के लिए बंद रहेंगी। कार्य पूरा होने के बाद इन्हें पुनः खोला जाएगा।

समीक्षा– उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग

पौड़ी के विकास भवन सभागार में उत्तराखंड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करना और उनकी समस्याओं को सुनना था।

इस दौरान श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र और जरूरतमंद व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाना है।

जिला स्तरीय कार्यशाला

मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रचार–प्रसार को लेकर रुद्रप्रयाग जिले के विकास भवन सभागार में एक जिला स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना तथा अधिक से अधिक हितधारकों को स्वरोजगार से जोड़ना रहा। रूरल बिजनेस इनक्यूबेटर कोटद्वार हब से आए इन्क्यूबेशन मैनेजर तनुज पुण्डीर और बिजनेस प्लानिंग एंड डेवलपमेंट एक्सपर्ट दर्शन उनियाल ने योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत चयनित उद्यमियों को व्यवसाय योजना निर्माण, विधिक सलाह, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन, वित्तीय सहयोग, मेंटरशिप और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।

मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने सभी रेखीय विभागों को निर्देशित किया कि वे योजना का व्यापक प्रचार करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंच सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड, विकास भवन और कलेक्ट्रेट परिसर में योजना से संबंधित डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं।